INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VII- 2nd Lang	Department: Hindi	Date of submission:
Question Bank with grammar - नीलकंठ	Topic: प्रश्नोत्तर और व्याकरण	Note: Pl File in portfolio

अति लघु उत्तरीय प्रश्न-

प्रश्न1. बड़े मियाँ ने किससे मोर के बच्चों को खरीदा था?

उत्तर- बड़े मियाँ ने शंकरगढ़ के एक चिड़ीमार से मोर के बच्चों को ख़रीदा था।

प्रश्न2. लेखिका मोर-मोरनी को कहाँ से लाई?

उत्तर- लेखिका मोर-मोरनी को नखासकोने के पक्षी बेचनेवाली दुकान से लाई थीं।

प्रश्न3. लेखिका ने मोर-मोरनी को कितने रूपए में ख़रीदा था?

उत्तर- लेखिका ने पैंतीस रुपए में ख़रीदा था।

प्रश्न4. घर पहुँचने पर बच्चों को घरवालों ने क्या कहा?

उत्तर- घर पहुँचने पर सब कहने लगे कि ये तीतर हैं| मोर कहकर दुकानदार ने उन्हें ठग लिया है।

प्रश्न5. मोरनी को मोर की सहचारिणी क्यों कहा गया?

उत्तर- मोरनी को मोर की सहचारिणी कहा गया है क्योंकि वह हमेशा मोर के साथ रहती थी।

लघु उत्तरीय प्रश्न-

प्रश्न1. मोर-मोरनी के नाम किस आधार पर रखे गए?

उत्तर- मोर की गरदन नीली थी, इसलिए उसका नाम नीलकंठ रखा गया जबकि मोरनी मोर के साथ-साथ रहती थी अतः उसका नाम राधा रखा गया।

प्रश्न2. लेखिका ने ड्राइवर को किस ओर चलने का आदेश दिया और क्यों?

उत्तर- लेखिका ने स्टेशन से लौटते समय ड्राइवर को बड़े मियाँ की दुकान की ओर चलने का आदेश दिया क्योंकि उन्हें चिड़ियों और खरगोश की दुकान की याद आ गई थी|

प्रश्न3. लेखिका को देखकर नीलकंठ अपनी प्रसन्नता कैसे प्रकट करता था?

उत्तर- लेखिका को देखकर नीलकंठ उनके सामने मंडलाकार रूप में अपने पंख फैलाकर खड़ा होकर अपनी प्रसन्नता प्रकट करता था।

प्रश्न4. विदेशी महिलाएँ नीलकंठ को 'परफैक्ट जेंटिलमैन' क्यों कहती थीं?

उत्तर- विदेशी महिलाएँ नीलकंठ को 'परफैक्ट जेंटिलमैन' कहती थीं क्योंकि जब विदेशी मेहमान के रूप में वे आती थीं तो उनके प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए वह अपने पंख मंडलाकार रूप में फैलाकर खड़ा हो जाता था।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न1. लेखिका को नीलकंठ की कौन-कौन सी चेष्टाएँ बहुत भाती थीं?

उत्तर- नीलकंठ देखने में बहुत सुंदर था वैसे तो उसकी हर चेष्टा ही अपने आप में आकर्षक थी लेकिन महादेवी को निम्न चेष्टाएँ अत्यधिक भाती थीं जैसे-

1 गर्दन ऊँची करके देखना और पानी पीना।

2 विशेष भंगिमा के साथ गर्दन नीची कर दाना चुगना।

3 गर्दन को टेढ़ी करके शब्द सुनना।

4 महादेवी के हाथों से हौले-हौले चने उठाकर खाना।

5 महादेवी के सामने पंख फैलाकर खड़े होना।

प्रश्न2. जाली के बड़े घर में पहुँचने पर मोर के बच्चों का किस प्रकार स्वागत हुआ?

उत्तर- मोर के शावकों को जब जाली के बड़े घर में पहुँचाया गया तो दोनों का स्वागत ऐसे किया गया जैसे नव वधू के आगमन पर किया जाता है। लक्का कबूतर नाचना छोड़ उनके चारों ओर घूम-घूमकर गुटरगूं-गुटरगूं करने लगा, बड़े खरगोश गंभीर भाव से कतार में बैठकर उन्हें देखने लगे। छोटे खरगोश उनके आसपास उछल-कूद मचाने लगे। तोते एक आँख बंद करके उन्हें देखने लगे।

प्रश्न3. वसंत ऋतु में नीलकंठ के लिए जालीघर में बंद रहना असहनीय क्यों हो जाता था?

उत्तर- वसंत ऋतु में जब आम के वृक्ष सुनहली मंजरियों से लद जाते थे और अशोक के वृक्ष

नए पत्तों में ढँक जाते थे तब नीलकंठ जालीघर में अस्थिर हो जाता था। वसंत ऋतु में वह किसी घर में बंदी रहना नहीं चाहता था उसे पुष्पित और पल्लवित वृक्ष भाते थे। असहनीय स्थिति को देखने के बाद उसे बाहर छोड़ना पड़ता था।

प्रश्न4.नीलकंठ चिड़ियाघर के अन्य जीव-जंतुओं का मित्र भी था और संरक्षक भी था। वह कैसे? लिखिए।

उत्तर-अपने स्वभाव और संस्कार के कारण मोर ने अन्य सभी जीवों का रक्षक और सेनापति स्वयं को नियुक्त कर लिया था । वह सबको लेकर उस स्थान पर पहुँच जाता जहाँ दाना बिखेरा जाता था। वह सबकी रखवाली करता और गलत करने पर उन्हें दंडित भी करता था।एक बार एक साँप ने खरगोश के बच्चे का आधा हिस्सा अपने मुँह में दबा लिया था।वह चीख नहीं सकता था। उसकी दर्द भरी आवाज सुनते ही नीलकंठ नीचे उतर आया और साँप को मारकर शिशु खरगोश को उसने बचा लिया| इससे पता चलता है कि नीलकंठ चिड़ियाघर के अन्य जीव-जंतुओं का मित्र भी था और संरक्षक भी था।

&&&&&&&

व्याकरण भाग –

नोट- संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्दों को विशेषण कहते हैं।जैसे -गुलाब लाल है। वह कुत्ता काला है। सेब मीठे होते हैं।

प्रश्न- दिए गए वाक्यों में से विशेषण शब्दों को रेखांकित कीजिए|

1. इस तेज़ धूप में घर से निकलना मुश्किल है।
2. मुझे लाल-लाल टमाटर बहुत पसंद हैं।
3. काले-काले बादलों को उमड़ते-घुमड़ते देख कृषक प्रसन्न हो उठे।
4. वह बालक तेजस्वी था।
5. आज माँ ने बड़ा लजीज़ भोजन बनाया है।
6. कई मुहल्लों की गलियाँ बच्चों के बिना सुनसान हो गईं।
7. वह लड़की बहुत शर्मीली है।

8. आलसी व्यक्ति जीवन में कभी सफल नहीं होते।

9. पीले-पीले रसीले आम देख लार टपकने लगे।

10. आम के पेड़ पर सौ चिड़ियाँ बैठी हैं|

प्रश्न-2 निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए:-

1. अशुद्ध रूप- रविवार के दिन तुम्हारे घर आऊँगा।

   शुद्ध रूप- मैं रविवार को तुम्हारे घर आऊँगा।

2. अशुद्ध रूप- आठ बजने को दस मिनट है।

   शुद्ध रूप- आठ बजने में दस मिनट है।

3. अशुद्ध रूप- मुझे बहुत आनंद आती है।

   शुद्ध रूप- मुझे बहुत आनंद आता है।

4. अशुद्ध रूप- तेरी बात सुनते-सुनते कान पक गए।

   शुद्ध रूप - तेरी बातें सुनते-सुनते कान पक गए।

5. अशुद्ध रूप- पेड़ों पर तोता बैठा है।

   शुद्ध रूप- पेड़ पर तोता बैठा है।

6. अशुद्ध रूप- मैंने तेरे को कितना समझाया।

   शुद्ध रूप - मैंने तुझे कितना समझाया

7. अशुद्ध रूप- तुम क्या काम करता है?

   शुद्ध रूप - तुम क्या काम करते हो?

8. अशुद्ध रूप- सारी रात भर मैं जागता रहा।

   शुद्ध रूप - मैं सारी रात जागता रहा।

&&&&&&&&

खुश रहिए ! मुस्कराते रहिए ! स्वस्थ रहिए !